# कार्यालय सौनचिरैया शहरी आजिवीका मिशन
# नगर निगम जयपुर हैरिटेज

## विज्ञप्ति

नगर निगम जयपुर हैरिटेज अंतर्गत शहरी आजीविका केन्द्र की स्थापना की जा रही है। शहरी आजीविका केन्द्र के कार्यालय संचालन व अन्य कार्यकलापों हेतु स्टॉफ की आवश्यकता है। अतः निम्न पदों की सेवाऐं संविदा पर लिये जाने हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए जाते है, इच्छुक आवेदक व्यक्तिशः नगर निगम जयपुर हैरिटेज मुख्यालय के कमरा नं 141 में अपना आवेदन मय दस्तावेज दिनांक 24.06.2024 प्रातः 10 बजे से 28.06.2024 को सायं 4 बजे तक जमा करवा सकते है। अधिक जानकारी निगम की वेबसाइट www.jaipurmcheritage.org पर प्राप्त की जा सकती है।

| S.N. | NAME OF POST | NO. OF POST |
|---|---|---|
| 1 | MANAGER | 1 |
| 2 | ACCOUNTANT | 1 |
| 3 | MIS | 1 |
| 4 | PEON | 1 |

**(01) शैक्षणिक योग्यता :–**

1. **MANAGER** :– **POST GRADUATE & RSCIT**
2. **ACCOUNTANT** :– **Graduation (Knowledge of Accounting Software Required)**
3. **MIS** :– **12th Pass**
4. **PEON** :– **10th Pass**

**(02) निर्धारित मानदेयः–**

| S.N. | NAME OF POST | PAYMENT (PER MONTH IN RUPEES) |
|---|---|---|
| 1 | MANAGER | 18000 |
| 2 | ACCOUNTANT | 11000 |
| 3 | MIS | 9000 |
| 4 | PEON | 7000 |

**(3) राष्ट्रीयता:–**

1. (क) भारत का नागरिक हो, या
(ख) नेपाल का प्रजाजन हो, या
(ग) भूटान क प्रजाजन हो, या
(घ) तिब्बती शरणार्थी जो दिनांक 01.01.1962 से पहले स्थाई रूप से बसने के विचार से भारत आया हो या
(ड़) भारतीय मूल का व्यक्ति है,जो भारत के स्थाई रूप से बसने के विचार से पाकिस्तान,म्यांमार,श्रीलंका,पूर्वी अफ्रीकी देश कीनिया,युगान्डा और संयुक्त तंजानिया गणराज्य (पूर्व का टंगानिया ,जंजीबार,जाम्बिया,मालाबाई जैर तथा इथोपिया से भारत आया है)
नोट :– वर्ग (ख) , (ग),(घ) और (ड़) से संबंधित प्रार्थियों को भारत सरकार के गृह एवं न्यायिक विभाग द्वारा प्रदत्त पात्रता का वांछित प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा ।

2. अन्य देशों से भारत में स्थाई रूप से बसने के आशय से आये व्यक्तियों की पात्रता की शर्तें :– इन नियमों में किसी बाबत् के होते हुए भी सेवा में भर्ती की पात्रता हेतु राष्ट्रीयता, आयु सीमा ,फीस तथा अन्य रियायती संबंधी उपबन्ध, ऐसे व्यक्तियों के बारे में जो भारत में स्थाई रूप से बसने के आशय से अन्य देशों से भारत में आया हो,ऐसे ओदशों या अनुदेशों द्वारा विनियमित होगे जो सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किये जाये और ऐसे आदेशों या अनुदेशों को भारत सरकार द्वारा इस विषय में जारी किये गये अनुदेशों के अनुसार यथावश्यक परिवर्तनों सहित विनियमित किया जायेगा।

**(4) आवेदन प्रक्रिया:–**

1. उक्त पदों हेतु आवेदन करने से पूर्व सर्वप्रथम अभ्यर्थी विभागीय वेबसाईट **www.jaipurmcheritage.org** पर दिये गये विस्तृत विज्ञापन, आवेदन का निर्धारित प्रारूप एवं अन्य विवरण का अध्ययन आवश्यक रूप से कर लेवे तद्उपरान्त ही अभ्यर्थी अपनी पात्रता सुनिश्चित करने के पश्चात आवेदन करे।

2. आवेदक जिस पद के तहत् आवेदन करने हेतु पात्र है. उसी पात्रतानुसार आवेदन करे।

**(5) आवेदन करने की अवधि–**

अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप में पद हेतु आवेदन विभागीय वेबसाईट **www.jaipurmcheritage.org** पर दिये गये निर्देशों के अनुसार दिनांक 24/06/2024 को प्रातः 10 बजे से 28/06/2024 सायं 4 बजे तक व्यक्तिशः नगर निगम जयपुर हैरिटेज के कमरा संख्या 141 में जमा कराया जा सकता है। आवेदन का प्रारूप संलग्न है।

**(6) चयन प्रक्रिया–**

संविदा भर्ती मे चयन पूर्णतया आवेदन पत्र की समीक्षा उपरान्त शैक्षणिक योग्यता, कार्य का अनुभव व साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा। सर्वप्रथम प्राप्त आवेदन पत्रों की जाँच की जाएगी। सभी जानकारिया पूर्णतः भरी गई हो व आवेदन पत्र हस्तांतरित हो तत्पश्चात् शैक्षणिक आधार पर छठनी कर ग्रेडिंग प्रदान की जाएगी अंत में साक्षात्कार के समय शैक्षणिक योग्यता की ग्रेडिंग, कार्य का अनुभव को संज्ञान में लेते हुए साक्षात्कार पैनल द्वारा चयन हेतु अंतिम निर्णय लिया जावेगा।

**(7) विवाह पंजीयन–**

शासन के परिपत्र क्रमांक प.6(19) गृह –13/2006 दिनांक 22.05.2006 की अनुपालना में नियुक्ति के समय विवाह प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना।

(8) आयु सीमा :– आवेदक की आयु दिनांक 01.01.2024 को न्यूनतम 21 वर्ष व अधिकतम 40 वर्ष होनी चाहिए।

(9) नियुक्ति के लिए अयोग्यता–

(i) ऐसा कोई भी अभ्यर्थी जिसके 01.06.2002 को या उसके पश्चात् दो से अधिक बच्चे हो, संविदा सेवा में नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा, परन्तु दो से अधिक संतानों वाले किसी भी अभ्यर्थी को संविदा पर नियुक्ति के लिये तब तक निर्हित नही समझा जावेगा, जब तक कि 1 जून 2002 को विद्यमान उसके संतानों की संख्या में बढ़ोतरी नहीं होती, परन्तु यह और कि जहॉ किसी भी अभ्यर्थी के पूर्वत्तर प्रसव से केवल एक बच्चा है किन्तु किसी एक पश्चात्वर्ती प्रसव से एक से अधिक बच्चे पैदा होते है, वहां बच्चों की कुल संख्या की गणना करते समय इस प्रकार पैदा हुए बच्चों को एक इकाई समझा जावेगा परन्तु यह भी कि किसी भी संतानों की कुल संख्या की गणना करते समय ऐसी संतान की जो पूर्वोत्तर प्रसव से पैदा हुई हो और निःशक्त हो, गणना नहीं की जावेगी।

(ii) कोई भी पुरूष अभ्यर्थी जिसके एक से अधिक जीवित पत्नियाँ है, सेवा में नियुक्ति कि लिए तब तक पात्र नहीं होगा जब तक की सरकार, इस बात का समाधान करने के पश्चात् ऐसा करने के लिए विशेष आधार है, इस नियम के प्रवर्तन से किसी भी अभ्यर्थी को छूट देय नहीं है।

(iii) कोई भी महिला अभ्यर्थी जिसने किसी ऐसे व्यक्ति से विवाह किया है जिसके पहले से ही कोई पत्नी है, संविदा नियुक्ति के लिए तब तक पात्र नहीं होगी जब तक कि सरकार इस बात का समाधान करने के पश्चात् कि ऐसा करने के लिए विशेष आधार है, इस नियम के प्रवर्तन से उस महिला अभ्यार्थी को छूट देय नही है।

(iv) किसी भी विवाहित अभ्यर्थी को संविदा पर नियुक्ति के लिये पात्र नहीं माना जावेगा, यदि उसने अपने विवाह के समय दहेज स्वीकार किया जावेगा।

(10) विभाग की वेबसाईट –

आवेदक विभागीय वेबसाईट **www.jaipurmcheritage.org** पर उपलब्ध सूचना से भी जानकारी /आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते है। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के मार्ग–दर्शन / निर्देशन / सूचना / स्पष्टीकरण नगर निगम जयपुर हैरिटेज की NULM शाखा के कमरा नं 141 में कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से संपर्क किया जा सकता है। समस्त पत्र व्यवहार कमिश्नर, नगर निगम जयपुर हैरिटेज को संबोधित कर किया जाएगा।

संलग्न : उपरोक्तानुसार

(सरोज ढ़ाका)
RAS
उपायुक्त (DAY-NULM)
नगर निगम जयपुर हैरिटेज

क्रमांक :– एफ–12/( ) ननिज हैरिटेज/DAY-NULM/2024 384 दिनांक :– 21/06/24
प्रतिलिपि :– सूचनार्थ

1. श्रीमान् महापौर महोदया ,नगर निगम जयपुर हैरिटेज।
2. निजी सचिव श्रीमान् निदेशक स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान, जयपुर।
3. निजी सहायक आयुक्त/अति.आयुक्त ,नगर निगम जयपुर हैरिटेज।
4. जनसम्पर्क अधिकारी को भेजकर लेख है कि उक्त विज्ञप्ति को दो प्रचलित अखबारों में प्रकाशित करावें।
5. ए.सी.पी (आई.टी) को भेजकर लेख है कि विज्ञप्ति को निगम की वेबसाइट पर अपलोड करावें।
6. गार्ड फाईल।

उपायुक्त (DAY-NULM)
नगर निगम जयपुर हैरिटेज

सौनचिरैया शहरी आजीविका केन्द्र नगर निगम जयपुर हैरिटेज हेतु आवेदन पत्रः—

| 1.Application Details | | Photo |
|---|---|---|
| Applied post ( Manger/Accountant/MIS/Peon) | | |
| Mode of Delivery of Application From | Personally /by Post(व्यक्तिशः / डाक द्वारा) | |
| Application no. (for Office use only) | | |

2. (A) Applicant's Details/आवेदक का विवरण

| | | | |
|---|---|---|---|
| Candidate Name / आवेदक का नाम | | | |
| Father'name / पिता का नाम | | | |
| Mother's name / माता का नाम | | | |
| Birth date / जन्म तिथि | | आयु (01.01.2024 को) | |
| Category/श्रेणी (SC/ST/OBC/MBC/EWS ETC.) | | Gender / लिंग | |
| Religion / धर्म | | Maritial Status / वैवाहिक स्थिति | |
| Moblie No / मोबाइल नं. | | Whatsapp Mobile no. | |
| E-MAIL / ईमेल | | Jan Aadhar id / जनआधार आईडी | |
| Aadhar id / आधार आईडी | | Language proficient in / भाषा में प्रवीणता | |
| Do you have basic knowledge of MS Office / क्या आपको MS Office का बेसिक वर्किंग ज्ञान है ? | | | |
| | | | |
| Do you have experience regarding work under DAY-NULM /क्या आपको DAY-NULM के कार्य का अनुभव है? यदि हाँ तो आवश्यक प्रमाण–पत्र संलग्न करें। | | | |
| (B)Personal details / व्यक्तिगत विवरण | | | |
| Home state / गृह राज्य | | Home District / गृह जिला | |
| Home Block / गृह ब्लॉक | | | |
| Correspondence Address / पत्राचार का पता | | | |
| | | | |

| Permanent Address /स्थाई पता |
| --- |
| |

3. Education Qualification Details /शैक्षणिक योग्यता विवरण (सभी आवश्यक दस्तावेज संलग्न करें )

| क्र.सं. | परीक्षा का नाम | विषय समूह | बोर्ड का नाम/ विश्वविद्यालय/स्कूल/संस्थान | परिणाम | उत्तीर्ण होने का वर्ष | प्रतिशत/ग्रेड/सी जीपीए |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | | | | | | |
| 2 | | | | | | |
| 3 | | | | | | |
| 4 | | | | | | |
| 5 | | | | | | |
| 6 | | | | | | |
| 7 | | | | | | |

**Declaration /घोषणा**

I hereby declare that I fulfill the eligibility conditions mentioned in the advertisement of Sonchiraiya Shahri Aajeevika Kendra 2024 and that all the statements made in this application are true, complete and correct to the best of my knowledge and belief. I understand that in the event of any information being found false or incorrect at any stage or not satisfying the eligibility conditions mentioned in the advertisement, my candidature for Sonchiraiya Shahri Aajeevika Kendra 2024 is liable to be cancelled/terminated. I also understand that this is a purely contractual work and does not provide any kind of employment or guarantee for any employment in future. I will not claim any employment in future from Government on the ground of working in this vacancy Sonchiraiya Shahri Aajeevika Kendra 2024

मैं शपथ पूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि मैं सौनचिरैया शहरी आजीविका केन्द्र 2024 के विज्ञापन के अनुसार पात्रता शर्तो को पूरा करता/करती हूँ और इस आवेदन में दिये गए सभी कथन मेरे विश्वास व जानकारी के अनुसार पूर्ण और सत्य हैं। मैं यह सभी समझता/समझती हूँ कि यदि मेरे द्वारा दी गई जानकारी को किसी भी स्तर पर गलत या असत्य पाया जाता है अथवा शहरी आजीविका केन्द्र के विज्ञापन में दी गई किसी भी योग्यता की शर्तों को पूर्ण नहीं करता/करती हूँ तो मेरी अभ्यर्थिया/आवेदक/चयन रद्द समाप्त होने के लिए मैं स्वंय उत्तरदायी रहूँगा/रहूँगी। मैं यह भी समझता/समझती हूँ कि यह सौनचिरैया शहरी आजीविका केन्द्र में नियुक्ति भविष्य में ना तो किसी भी प्रकार का रोजगार प्रदान करता है ना ही किसी प्रकार के रोजगार की गांरटी देता है। मैं भविष्य में राज्य सरकार/विभाग से सौनचिरैया शहरी आजीविका केन्द्र के आधार पर किसी भी प्रकार के रोजगार की मांग नहीं करूँगा/करूँगी।

दिनांक :-

स्थान :-

Applicant Signature/
आवेदक के हस्ताक्षर